पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राजभवन परिसर स्थित मंदिरों व आसपास के क्षेत्रों में की गई साफ–सफाई

लखनऊः 19 जनवरी, 2024

दिनांक 22 जनवरी 2024 को अयोध्या धर्मस्थली में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के आयोजन के क्रम में प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में आज राजभवन परिसर में स्थित मंदिरों व अन्य स्थानों की साफ–सफाई की गई।

ज्ञातव्य है कि स्वच्छता अभियान हेतु राजभवन के अधिकारियों के नेतृत्व में राजभवन कार्मिकों की 20 टीमों का गठन किया गया है। आज के सफाई अभियान में राजभवन के कार्मिकों ने अपने–अपने टीम नायकों के नेतृत्व में राजभवन परिसर में स्थित शिव मंदिर, शनि मंदिर व अन्य स्थलों की भी साफ–सफाई किया।

राम मनोहर त्रिपाठी–सहायक निदेशक सूचना
कृष्ण कुमार–सूचना अधिकारी / राजभवन
सम्पर्क सूत्र–9453005360